प्रेस नोट-

थाना सीपरी बाजार, झाँसी

दिनांक- 24.11.2025

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **चोरी की नगदी ₹ 11230/- के साथ शातिर चोर गिरफ्तार,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 24.11.2025 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एस.आई.सी. कॉलेज की बॉउण्ड्री के पास थाना क्षेत्र सीपरी बाजार से अभियुक्त वीरू आदिवासी पुत्र बाबूलाल निवासी चित्रा चौराहे के पास थाना सीपरी बाजार झाँसी उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से थाना क्षेत्रान्तर्गत घटित चोरी की घटना में चोरी किये रूपयों में से ₹11,230/- बरामद हुए। उक्त चोरी की घटना के संबंध में थाना सीपरी बाजार पर मु0अ0सं0 195/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत है। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 23.05.2025 को वादी राकेश अग्रवाल पुत्र स्व0 चिन्तामणि अग्रवाल निवासी 467/2 सीपी मिशन कम्पाउण्ड थाना सीपरी बाजार झांसी द्वारा अज्ञात चोर द्वारा वादी की कोरनर मेडिकल स्टोर्स टण्डन रोड़ चमनगंज का ताला तोड़कर दो लाख रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 195/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग के सफल अनावरण हेतु पुलिस की टीमें गठित की गयीं, पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रसाय किया जा रहा था। जिसके क्रम में आज अभियुक्त वीरू आदिवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से उपरोक्त चोरी से सम्बन्धित ₹ 11,230/- रुपये बरामद हुए।

गिरफ्तारी का दिनाँक ,समय एवं स्थानः— दिनांक 24.11.2025 को समय रात्रि 00.43 बजे, एस.आई.सी. कालेज की बॉउण्ड्री के पास थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी।

अभियुक्तागण का विवरण - वीरू आदिवासी पुत्र बाबूलाल निवासी चित्रा चौराहे के पास थाना सीपरी बाजार झाँसी उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण - ₹ 11,230/- नगदी।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 विनोद कुमार मिश्र, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
2. उ0नि0 श्री प्रदीप शर्मा, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
3. का0 927 सुधांशु मिश्रा, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
4. का0 674 आशीष सिंह, थाना सीपरी बाजार, झाँसी